हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]


## हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



### द्वितीय उपहार
3 नग बाईक



### तृतीय उपहार
10 नग LED TV



### चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज



### पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन



### छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा



### सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन



### आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग



### नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट



### दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स



### ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

## खबर संक्षेप



### आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए अभियान

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में आवारा मवेशियों के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए दुर्ग नगर निगम द्वारा विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निगम की टीम द्वारा मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़ने का कार्य नियमित रूप से दो शिफ्टों में किया जा रहा है। अतिक्रमण टीम ने आज आमदी मंदिर के पीछे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर काऊ कैचर वाहन की सहायता से मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़ा। रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पकड़े गए मवेशियों को रेडियम पट्टी पहनाई जा रही है, ताकि अंधेरे में भी वे स्पष्ट रूप से दिखाई दें और वाहन चालकों को सतर्कता मिल सके।

### निगम ने नाली से अवैध अतिक्रमण किया ध्वस्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 02 वैशाली नगर अंतर्गत नाली के उपर किये गये अवैध अतिक्रमण को निगम की टीम ने ध्वस्त किया। स्थानीय निवासियों द्वारा जनदर्शन में शिकायत दर्ज किया गया है कि कुछ मोहल्लेवासी अपने घरो के सामने गाड़ी निकालने एवं चढ़ाने के लिए रैम्प बनाए हैं, जिसके कारण गली में चलने फिरने में परेशानी होती थी। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को प्राप्त सूचना के आधार पर जोन-2 का राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम द्वारा मौका निरीक्षण किया गया। स्थल पर पाया गया कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा घरों के सामने नाली के उपर अतिक्रमण कर रैम्प बनाया गया है, जिससे गली सकरा हो गया है और आवागमन में असुविधा हो रही है। संयुक्त टीम ने पंचनामा तैयार कर जेसीबी के माध्यम से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है।

# स्पर्श अस्पताल के संचालक से भी गुरुमीत ने मांगे थे 20 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

राम नगर सुपेला स्थित स्पर्श अस्पताल संचालक को भी गुरुमीत सिंह वाधवा ने 20 लाख रुपए का डिमांड कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी। रकम नहीं देने पर अस्पताल कर्मियों से गाली गलौज करता रहा। सुपेला पुलिस ने बताया कि महाप्रबंधक स्पर्श अस्पताल अखिल मडामे ने शिकायत की है कि सुंदर नगर भिलाई निवासी गुरुमीत सिंह वाधवा अस्पताल पहुंचा था।

उसने बड़े नेताओं से जान पहचान का हवाला देकर झूठे केस में फंसाने और अस्पताल बंद करने की धमकी दी। माह नवम्बर 2025 में स्पर्श अस्पताल राम नगर सुपेला गुरुमीत सिंह वाधवा आया था। खुद को इंटरनेशनल मैगजीन फोर्ब्स एडिटर बताकर प्रबंधन को झांसा देकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ वाली फोटो दिखाकर प्रदेश के अस्पतालों की जांच के लिए अधिकृत करना बताया था। जो पूरी तरह से साजिश के तहत अस्पताल में आया था। दो बार अस्पताल आया और कथित जांच किया। गुरुमीत सुहि वाधवा लगातार मोबाइल कॉल कर अस्पताल प्रबंधन को धमकाता रहा है।

ऑक्सीजन प्लांट लगत लगने, पर्यावरण नियम के खिलाफ, अस्पताल की बिल्डिंग का हवाला देकर सब गलत होने की बात कहकर दबाव डाल रहा था। परेशान स्पर्श अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत की। इसके अलावा अस्पताल पार्किंग तक को बंद करने की धमकी लगातार देता है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन को गुरुमीत सिंह वाधवा की हरकत शुरू से फर्जी लग रही थी।



## एसबीएस अस्पताल मामले में आरोपी हुआ है गिरफ्तार

### माह जनवरी में पहुंचा था महाप्रबंधक के केबिन में और दी धमकी



शिकायत में बताया गया है कि जनवरी 2026 को अस्पताल के महाप्रबंधक के केबिन में गुरुमीत सिंह वाधवा पहुंच गया। जहां गाली गलौज कर धमकाने का प्रयास कर रहा था। अस्पताल के खिलाफ सूचना के अधिकार के तहत आवेदन लगाकर सारी जानकारी मांगने की भी धमकी दिया। अस्पताल से रकम वसूली करने हर हथकंडा वाधवा ने अजमाया था। परेशान प्रबंधन ने सुपेला पुलिस को लिखित में शिकायत किया। जांच के बाद अपराध कायम किया है।

## रिपोर्ट : जिला शिक्षा विभाग की पांच सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट में खुलासा

# बीएनएस, मार बेसलेनियस, एसएनपीएस, महर्षि दयांनद आर्य विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई

देवीलाल साहू ▶▶भिलाई

हरिभूमि ब्रेकिंग

दुर्ग जिले में निजी स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी की किताबों की जगह निजी प्रकाशकों की किताबें, गणवेश और फीस को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने पांच सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है। इस कमेटी ने अपने पास आई शिकायतों की जांच भी पूरी कर ली है। इस जांच रिपोर्ट में जिन स्कूलों की लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई वह सही पाई गई है। बी.एन.एस. सेक्टर-8 विद्यालय, मार बेसलेनियस स्कूल सुपेला भिलाई, एस.एन.पी.एस. स्कूल कोहका और महर्षि दयानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपारा दुर्ग में निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई करवाई जा रही है। जांच टीम के अभिमत के आधार पर इन स्कूलों में से केवल एक स्कूल एसएनपीएस स्कूल पर ही कार्रवाई होनी है। शेष तीन स्कूलों को प्रबंधन के जवाब प्रस्तुत करने के बाद चेतावनी और राहत प्रदान करने का अभिमत पांच सदस्यीय टीम ने दिया ।

## जांच कमेटी के समक्ष केवल तीन पालकों और दो नागरिकों ने की शिकायत

### जांच कमेटी के समक्ष स्कूलों की ऐसी शिकायत, जवाब और रिपोर्ट

**केस-1**

**शिकायत-** शिकायतकर्ता एलके तिवारी का कथन है कि कि बी.एन.एस. सेक्टर-8 के प्रबंधक द्वारा बाध्य किया जाता है कि किताबें निजी दुकान से जो भिलाई में एक ही है उससे लेना अनिवार्य है, प्रश्न पत्र के लिए छात्र से ही पेपर लिया जाता है अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद नया कापी मंगवाया जाता है।

**जवाब-** प्राचार्य बीएनएस सेक्टर-8 भिलाई का कथन है कि अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये विद्यालय की संशोधित पुस्तक सूची स्कूल के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गई है। अभिभावक इन पुस्तकों को अपनी सुविधानुसार किसी भी दुकान से कय करने के लिए पूर्णतः स्वतंत्र है। इस संदर्भ में उन्होने एक पत्र भी दिया है परन्तु उस पत्र में पीएटी का अनुमोदन नहीं है।

**जांच टीम का अभिमत-** बीएनएस सेक्टर-8 के प्राचार्य के द्वारा आश्वस्त किया गया है कि आगामी सत्र 2026-27 से शिकायतकर्ता के द्वारा की गई शिकायतों की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

**केस-2**

**शिकायत-** सुप्रियो मजूमदार की शिकायत है कि एसएनपीएस स्कूल कोहका में स्कूल प्रबंधन द्वारा तिवारी बुक डिपो सेक्टर-06 से पुस्तकें खरीदने के लिए भेजा जाता है। गणवेश के लिए बालाजी गारमेंन्टस में भेजा जाता है।

**जवाब-** प्राचार्य एसएनपीएस का कथन है कि नर्सरी, केजी 1, केजी 2, कक्षा के लिए शिक्षा विभाग द्वारा कोई भी पाठ्यक्रम निर्धारित नहीं की गई है इसलिए निजी प्रकाशन की किताबें चलाई जा रही है। कोहका क्षेत्र में कोई भी बुक डिपों नहीं है इसलिए सेक्टर-6 के दुकान का पता बताया जाता है।

**जांच टीम का अभिमत-** 2. एस.एन.पी.एस. स्कूल कोहका के प्राचार्य द्वारा शिकायतकर्ता के संदर्भ में संतोषप्रद कथन प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः उक्त विद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की अनुशंसा की जाती है।

**केस-3**

**शिकायत-** शिकायतकर्ता रवि धर्मकार, सिद्धार्थ नगर दुर्ग का कथन है कि महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय, मठपारा, दुर्ग में उनके बच्चे के लिए ड्रेस स्कूल द्वारा बताये गये जगह से लेने को कहा गया और ज्यादा कीमत भी वसूली की गई। विरोध करने पर धमकाया गया। स्कूल कार्यालय में बुलाकर अपमानित कर परिसर से निकल जाने को कहा गया। उन्होंनेओम यूनिफार्म की बिल कॉपी भी प्रस्तुत किया है जिसमें महर्षि दयानंद नाम से 1320 रु का ड्रेस का बिल है

**जवाब-** सचिव महर्षि दयानंद उ.मा. विद्यालय का कथन है कि विद्यालय में नर्सरी, केजी 1 तथा केजी-2 के बच्चों के लिए शासन द्वारा पुस्तकें प्राप्त न होने के कारण नवबोध प्रकाशन की अभ्यास पुस्तिकाओं से पढ़ाई कराई जाती है। विद्यालय का गणवेश शहर के अनेक दुकानों में मिलता है। इसके प्रमाण में पृथक-पृथक तीन दुकानों के बिल प्रस्तुत किया गया।

**जांच टीम का अभिमत-** महर्षि दयानंद आर्य उमा विद्यालय, मठपारा, दुर्ग से संबंधित शिकायत आंशिक रूप से सही पाई गई।

**केस-4**

**शिकायत-** सीवी भगवंत राव की शिकायत है कि सत्र 2026-27 में जिले के अंतर्गत निजी विद्यालयों के द्वारा अनुमोदित नियमों का उलंघन कर निजी प्रकाशकों की पाठ्यपुस्तकों का उपयोग शिक्षा प्रदाय के लिए किया जा रहा है। इस संदर्भ में बीएनएस सेक्टर-8 विद्यालय, मार बेसलेनियस स्कूल सुपेला भिलाई का जॉच दल के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि उक्त विद्यालयों के द्वारा एनसीईआरटी. की पुस्तकों के अलावा निजी प्रकाशन की पुस्तकों का भी उपयोग किया जा रहा है।

**जांच टीम का अभिमत-** इस संदर्भ में जिले के अंतर्गत संचालित समस्त निजी विद्यालयों के लिए चेतावनी पत्र जारी करने की अनुशंसा की जाती है जिसमें उल्लेख हो कि एनसीईआरटी /एससीईआरटी. के पाठ्यक्रमों की पुस्तकों से पठन-पाठन कार्य करवाया जाए। निजी प्रकाशकों की पुस्तकों (संदर्भ पुस्तकें) को जनसहयोग से क्रय कर पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के उपयोग के लिए रखी जाएं।

**हरिभूमि में प्रकाशित खबरें**


शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने बनाई कमेटी
राष्ट्रीय शिक्षा नीति सभी निजी विद्यालयों में लागू, एनसीईआरटी की किताबों से नहीं हो रही पढ़ाई
190 सीजी संबद्धता स्कूलों ने अप्रैल में शुरू कर दिए शैक्षणिक सत्र

### बजरंग दल की शिकायत पर जांच संभव नहीं

जांच कमेटी के समक्ष बजरंग दल ने भी शिकायत करवाई है। अध्यक्ष छ.ग. बजरंग दल एवं अध्यक्ष राहुल बोरकर भीम आर्मी की शिकायत समस्त निजी विद्यालयों की बढ़ती फीस, किताबें एवं गणवेश के एकाधिकार विक्रय के संदर्भ में है। जांच टीम की अभिमत है कि जिले के अंतर्गत लगभग 600 निजी मान्यता प्राप्त शालाएं हैं। चूंकि इस शिकायत में जिले के किसी विशेष विद्यालय का नाम स्पष्ट न होने के कारण से निर्धारित समय में जांच करना आसान न होगा।

### विडंबना यह- केवल तीन पालकों ने ही दर्ज करवाई शिकायत

जिला शिक्षा विभाग द्वारा गठित जांच कमेटी के समक्ष केवल तीन पालकों और दो आम जनता ने शिकायत दर्ज करवाई। यानी पालकों का आर्थिक शोषण हो रहा है लेकिन झंडा शहर के संगठन या आम लोग उठा रहे हैं। लड़ाई पालकों के लिए हैं लेकिन उनकी भूमिका ही शून्य है। जिसकी वजह से जिला शिक्षा विभाग कार्रवाई निजी स्कूलों की मनमानी नहीं रोक पा रहा और कार्रवाई तक नहीं कर पाता।

## महापौर ने लकवा पॉइंट का किया निरीक्षण समस्याएं सुनी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर के साथ दादा-दादी नाना-नानी पार्क स्थित लकवा पॉइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां एक्सरसाइज कर रहे लकवा (पैरालिसिस) मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। महापौर ने मौके पर उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए जाना कि नियमित व्यायाम और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने मरीजों के परिजनों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि निगम स्तर पर हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने लकवा मरीजों के लिए आवश्यक एक्सरसाइज सामग्री एवं सुविधाओं के विस्तार हेतु 5 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामग्री की उपलब्धता और व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे नागरिकों को सहयोग प्रदान करना भी है। उन्होंने कहा कि लकवा मरीजों के पुनर्वास और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए ऐसे केंद्रों का सशक्त होना बेहद आवश्यक है।

# सफाई जांचने स्वच्छता सर्वेक्षण टीम आएगी दुर्ग, इधर नालियों में कचरा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 14 में शनिवार को सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने क्षेत्र में साफ-सफाई की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान एसएलआरएम सेंटर का भी अवलोकन किया गया, जहां कचरे के प्रबंधन, पृथक्करण और निष्पादन की प्रक्रिया को देखा गया।अधिकारियों ने सेंटर की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए हर स्तर पर सतर्कता और जिम्मेदारी जरूरी है। आयुक्त ने सिकोला से



उरला की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित बड़ी नाली में कचरा जमा पाया गया, जिस पर संबंधित सफाई सुपरवाइजर को कड़ी फटकार लगाई गई। अधिकारियों ने तत्काल नाली की सफाई कर सुचारू जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि इन स्थानों को व्यवस्थित कर धूल से मुक्त किया जाए, जिससे पर्यावरण स्वच्छ रहे और नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण मिल सके।

# शादी के सीजन में बिजली कटौती बनी मुसीबत रात में बत्ती गुल होने से बिगड़ रही व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶बालोद

जिले में इन दिनो शादियो की धूम है, लेकिन इन शादियो के बीच अचानक से बत्ती गुल होने से परिवारो को कई दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

जिले में शादियो के कई रस्मो के साथ घराती बराती को खाना खिलाने के समय अचानक से रात को बत्ती गुल होने से ब्लाक के कई ग्रामो के शादी कार्यक्रम आयोजित कर रहे परिवारो को दिक्कतो का सामना करना पड़ा है। जहां बराती घराती को खाना खिलाते या शादी का मुख्य रस्म अदा करने के समय रात्रि में अचानक से बिजली गुल हो जाती है जिसके कारण शादी की व्यवस्था सम्हाल रहे परिवारो को दिक्कतो का सामना पड़ता है। यह स्थिति ब्लाक के किसी एक ग्राम की नही है, यह ब्लाक के विभिन्न ग्रामो में देखने को मिल रही है। जहां परिवार अपने शादी संपन्न करने में लगे हुए होते है लेकिन इन सब के बीच विभिन्न तैयारी होते हुए भी जब अचानक से बिजली गुल हो जाए तो व्यवस्था अंधेरा तले डगमगा जाती है। जहां बिजली गुल हो जाने के कारण कई सक्षम परिवार जनरेटर का सहारा लेकर जैसे तैसे कार्यक्रम संपन्न करते दिखते है, लेकिन गरीब तबके के लोग जो शादियो के विभिन्न तैयारियो के लिए जैसे तैसे पैसे जुटाकर, कर्ज लेकर शादियां संपन्न करते है उन पर बिजली गुल होने से रात में खाना खिलाने के साथ शादियो का विभिन्न रस्म अदा करने में दिक्कते होती है।

वही गर्मी के दिनो में अचानक रात को बिना आधी तुफान और हवा पानी के अचानक बिजली गुल करने के कारण लोगो को गर्मी का सामना भी करना पड़ता है। आम जनता को बिजली बिल भुगतान के नाम पर हजारो के बिलो का भुगतान तो करा दिया जा रहा है लेकिन उनके महत्वपूर्ण कामो के अवसर पर आम जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस करती है।

# बीएड प्रशिक्षणार्थियों को पंचमढ़ी शैक्षणिक भ्रमण कराया गया

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा दुर्ग (छत्तीसगढ़) के शिक्षा विभाग द्वारा बी.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (सत्र 2025-26) के प्रशिक्षणार्थियों के लिए पंचमढ़ी में शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ अनुभवात्मक अधिगम, प्राकृतिक अध्ययन एवं सामूहिक सहभागिता के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

पंचमढ़ी के रमणीय प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया तथा उनके महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान समूह गतिविधियों, शैक्षिक चर्चाओं एवं सहभागितापूर्ण क्रियाकलापों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों के ज्ञान, व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता में




अभिवृद्धि हुई। इस शैक्षणिक यात्रा ने प्रशिक्षणार्थियों को कक्षा के बाहर सीखने, प्रकृति से जुड़ने, सहयोग एवं टीम भावना विकसित करने तथा जीवनोपयोगी अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ। महाविद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण में प्राध्यापकगणों के निर्देशन एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री राजन कुमार दुबे ने इस सफल आयोजन हेतु शिक्षा विभाग एवं विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की। यह शैक्षणिक भ्रमण केवल यात्रा नहीं, बल्कि सीखने, सहयोग और अविस्मरणीय स्मृतियों के निर्माण का एक सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

क्रमांक / 2146 / प्र.तह./ 20

गुरूर, दिनांक 15.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी खुन्दनी प.ह.नं. 12 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार कतलाम आ. विक्रम कतलाम जाति गोड़ निवासी खुन्दनी तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता विक्रम राम आ. डेहरा राम की जन्म/मृत्यु दिनांक 25.06.2018 को ग्राम खुन्दनी में हुई है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 30.04.2026 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार, गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)**

# कब्जों पर चलेगा बुलडोजर, 112 कब्जों का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ सड़क और ड्रेनेज निर्माण के लिए बाधाएं हटाने की तैयारी

शहर के यातायात को सुगम और व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जेल तिराहा से पुलगांव रोड होते हुए मिनी माता चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को गति देने के लिए अतिक्रमण हटाने की मुहिम प्रारंभ कर दी गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत न केवल चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है, बल्कि सड़क के दोनों ओर सुदृढ़ ड्रेनेज सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना के लिए मार्ग में आने वाले सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाना आवश्यक है। निगम द्वारा पूर्व में सर्वे कर चिन्हांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी, जिसके आधार पर अब अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।



अब तक 112 से अधिक अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाया जा चुका है, जिसमें उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा पुलगांव चौक के आसपास कार्रवाई करते हुए नालियों पर किए गए पक्के निर्माण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे और कार्यवाही को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए निगम द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है।

## पेज 11 का शेष

### रफ्तार का कहर, बालक की ...

घटना में मृतक मासूम बच्चे के परिजनों को मुआवजा की मांग करते हुए सड़क पर जमे रहे। आवागमन बाधित होने से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना एवं चक्काजाम की सूचना से पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची। जहां पुलिस प्रशासन एवं अधिकारियों की समझाइश व वाहनों चालकों पर उचित कार्रवाई करने बात से दोनों गांव के ग्रामीण सड़क से हटे।

### बैंक जाने की बात ...

से प्राप्त मोबाईल के आधार पर उनकी पहचान की। वही मिली जानकारी के अनुसार महिला शादीशुदा थी तथा उसके दो बच्चे है। वही महिला व युवक रोजी मजदूरी का काम करते थे तथा महिला का पति भी रोजी मजदूरी का काम करता है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर दोनो शवो को पोस्टमार्डम करने के बाद शव परिजनो को सौप दिया है। जिसके बाद पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### पत्नी के कथित प्रेम-प्रसंग ...

साल पहले नल फिटिंग का कार्य करने किलेपार आया था इस बीच युवक और महिला मे प्रेम संबंध हो गया। मृतक का अंतिम संस्कार उनके गांव किलेपार मे हुआ जहां सैंकड़ो ग्रामीण व सामाजिक लोग शामिल हुए ।



तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

12 रसमड़ा में धूमधाम से मनाया लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस



10 कब्जों पर चलेगा बुलडोजर, 112 कब्जों का सर्वे





## खबर संक्षेप

### चिलमगोटा में 28-29 को मानस पर प्रवचन

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम चिलमगोटा में दो दिवसीय संकीर्तन, मानस प्रवचन एवं रामायण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 28 एवं 29 अप्रैल 2026 को होगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में कथावाचक परम श्रद्धेय आदरणीय कामता प्रसाद शरण जी महाराज अपने मुखारबिंद से श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। 28 अप्रैल को सुबह कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद अखंड रामायण पाठ, संकीर्तन और भजन का आयोजन किया जाएगा। 29 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से कामता प्रसाद शरण जी द्वारा मानस प्रवचन होगा। प्रवचन में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, मर्यादा और आदर्शों पर प्रकाश डाला जाएगा। रात में भजन संध्या और महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन रखा गया है। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी जनता से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। वनांचल क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन से गांव में भक्ति और सामाजिक समरसता का माहौल बनता है। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर गांव में उत्साह है। युवाओं और महिलाओं की टोली साफ-सफाई और सजावट में जुटी है।



### राहगीरों को हथियार दिखाकर डराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** राहगीर को धारदार हथियार दिखाकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जहाज बिल्डिंग वार्ड 19 के पास राजीव नगर मुस्लिम कब्रिस्तान के पास रहने वाला अमन कुमार मारकंडेय को पकड़ा गया। आरोपी के पास से धारदार हसियानुमा हथियार जब्त किया गया। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है।

### अनाचार का प्रयास आरोपी युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** फिर एक मासूम से अनाचार करने का प्रयास किया गया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि आरोपी किशोर चौहान 23 वर्ष ने पांच वर्षीय मासूम को चाकलेट का झांसा देकर अपने साथ पुरैना के सुनसान जगह की ओर ले जा रहा था। तभी कुछ लोगों ने आरोपी को देख लिया। ग्रामीणों ने बच्ची को समय रहते बचाया और आरोपी युवक को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होकर आरोपी किशोर की जमकर पिटाई भी कर दी है। उसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाला किया गया। बच्ची की मां नहीं है और उसके पिता काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। बच्ची की देखभाल और लालन पालन एक मितानिन कर रही है। जिसने उसे गोद लिया हुआ है। शनिवार की शाम करीब 5 बजे बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। आरोपी बच्ची को दुकान से चॉकलेट दिलाने का झांसा दिया। झाड़ियों की तरफ लेकर जा रहा था। समय रहते सभी ने बच्ची को बचा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी प्रशांत पैकरा समेत पुलिस टीम पहुंची। पुलिस ने बताया कि अनाचार का प्रयास किया था, अनाचार हुआ नहीं है। घटना शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। इस गंभीर घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी सुखनंदन राठौर और सीएसपी प्रशांत कुमार सहित कई बड़े पुलिस अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों का हाल बेहाल, 2 साल में ही उखड़ी सड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

विकासखण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़को की बदहाल स्थिति की तस्वीर लगातार सामने आ रही है। लेकिन विभाग सड़को की मरम्मत करने के स्थान पर मामले में लीपापोती कर ठेकेदारो को संरक्षण प्रदान कर रहा है।

ताजा मामला ग्राम दर्रा से सरबदा के मध्य बने 2 किलोमीटर लंबी सड़क का है। सूचना बोर्ड के अनुसार यह सड़क 27 सितंबर 2022 को पूर्ण हुआ है। वर्तमान में यह सड़क संधारण अवधि में है, ग्रामीणों ने बताया सड़क बनने के बाद से ठेकेदार के लोग पलटकर सड़क का हाल जानने नही आए।

### डामर गायब, सड़क पर उभरी गिट्टी से बढ़ा खतरा



#### पंचायत टीम ने किया था निरीक्षण



बीते सप्ताह ही विकासखण्ड के ग्राम पलारी–अमलीडीह मार्ग एवं ग्राम कंवर से दियाबाती के मध्य बनी प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़क की जर्जर स्थिति की तस्वीर सामने आ चुकी है। गुरूर–बड़भूम-बरही-सांकरा के मध्य निर्माणाधीन सड़क की शिकायत के बाद जिला पंचायत टीम व विधायक द्वारा निरीक्षण किया गया था, उसके बाद भी उस निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता सवालिया घेरे मे है। विभाग की लापरवाही व ठेकेदारों की मनमानी से ग्रामीण परेशान हो रहे है।

सड़को की स्थिति कैसी है यह देखने की विभाग के अधिकारियो को भी फुर्सत नही है। ग्रामीणो ने बताया कि सड़क बनने के सालभर के अंदर ही उखड़ने लगी थी। कई बार विभाग को मरम्मत कराने बोल चुके है पर कभी मरम्मत नही हुई। अब तो स्थिति यह हो गई कि दो किलोमीटर लंबी सड़क में दर्जनो जगह सड़क में डामर गायब हो चुके है। सड़क में गिट्टी उभर आई है, जो राहगिरो के दुर्घटना का कारण बन रही है। सड़क के दोनो किनारो में कई सौ मीटर पटरी या तो गायब हो चुकी है या कटकर आधी हो गई है, सड़क पटरी से अधिक उंचाई पर हो गया है जिससे यह दो पहिया वाहन चालको के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

हादसा

**मुआवजा और सख्त कार्रवाई की मांग**

# रफ्तार का कहर, बालक की गई जान अलग-अलग हादसों में चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

जिले में अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो हुई है। सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गई है। धमतरी से गुण्डरदेही मुख्य सड़क आये दिन खून से लाल हो रही है। इस मार्ग पर रोज सैकड़ों रेत से भरी हाईवा ओवरटेक करते हुए तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे दो पहिया वाहन चालकों एवं राहगीरों पर हमेशा दहशत बना रहता है।

थाना क्षेत्र के संजारी चौकी अंतर्गत ग्राम अछोली में रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। रफ्तार लोडेड ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है कि दोनों मृतक आपस में घनिष्ठ मित्र थे। योगेंद्र गांव में सैलून संचालित करता था, जबकि संदीप का ऑटो पार्ट्स एवं रिपेयरिंग का व्यवसाय था। अक्सर इस मार्ग पर रेत से भरी हाईवा से ही दुर्घटनाएं होती रहती है, कभी सड़कों पर मवेशियों को कुचला जाता है तो कभी इंसान इसकी चपेट में आ रहे है। शनिवार की शाम को लगभग साढ़े पांच बजे इस मार्ग पर एक तेज रफ्तार हाईवा ने फिर एक 7 वर्षीय मासूम को फिर अपने चपेट में ले ली, जिससे घटना स्थल पर ही उस मासूम बच्चे ने दम तोड़ माता पिता को रोते बिलखते छोड़ गया। उक्त घटना बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक के अंतिम छोर में बसे ग्राम पिकरीपार बस स्टैंड पर घटित हुई। जहां समीपस्थ ग्राम कुम्हली की एक 7 वर्षीय नागेश्वर कुमार साहू को धमतरी तरफ से आ रही रेत से भरी हाईवा ने सड़क पार कर रहे इस बच्चे को दर्दनाक ठोकर मारी इस हादसे में मासूम बच्चे के चिथड़े उड़ गए।

घटना से आक्रोशित ग्राम पिकरीपार एवं ग्राम कुम्हली की सैकड़ों ग्रामीणों ने मासूम के शव को लेकर मुख्य मार्ग पर उतर आए। ग्रामीणों ने ओवरलोड एवं ओवरटेक वाहनों पर उचित कार्रवाई एवं ▶▶ शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- रेत से भरे वाहनों की लापरवाही पर उठे सवाल
- पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद खुला रास्ता
- लगातार हादसों से क्षेत्र में दहशत का माहौल





### युवक को कार ने मारी टक्कर, तीन घायल, चालक पर केस दर्ज

**बालोद।** भाई का एक्सीडेंट की बात सुनकर जा रहे युवक को कार ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए) 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भटगांव थाना रनचिरई निवासी टीकम कुमार साहू पिता यादराम साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे भाई नागेश्वर साहू का भटगांव चौक में एक्सीडेंट हो गया है, जिससे मेरा भाई नागेश्वर साहू गांव के पन्ना लाल देशलहरे और प्रमोद कुमार साहू तीनो रोड में गिरे पडे थे, तीनों को चोट आया था, तब पन्ना लाल देशलहरे ने बताया कि अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सी ई 7013 में गांव के नागेश्वर कुमार साहू और प्रमोद कुमार साहू को पीछे बैठाकर ग्राम भटगांव से कलंगपुर जा रहे थे, मोटर सायकल को मैं चला रहा था, ग्राम भटगांव चौक मेन रोड में पहुंचे थे। उसी समय धमतरी से गुण्डरदेही जा रही कार क्रमांक सीजी 07 सीजी 2065 के चालक द्वारा अपने कार को तेज लापरवाही एवं खतरनाक ढंग से चलाते लाकर मेरे मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं, प्रमोद कुमार साहू और नागेश्वर साहू मोटर सायकल सहित गिर गये, एक्सीडेंट से मेरे सिर के पीछे, कमर, कंधा, दोनो पैर के घुटना में, प्रमोद कुमार साहू के सिर, बांये पैर में और नागेश्वर साहू के सिर, मुंह एवं दोनो पैर में चोट आया है, तब हम लोग 108 वाहन बुलाकर तीनों को ईलाज के लिये गुण्डरदेही अस्पताल ले गये, जहां प्राथमिक ईलाज बाद नागेश्वर साहू और प्रमोद कुमार साहू को रिफर करने पर हम लोग अस्पताल धमतरी में ले जाकर भर्ती किये है, जहां नागेश्वर साहू और प्रमोद कुमार साहू का ईलाज चल रहा है। अपने भाई नागेश्वर साहू और प्रमोद साहू को ईलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराने के बाद रिपोर्ट लिखाने आया हूं।

- लापरवाही और तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

### ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार घायल

**बालोद।** स्कूटी जा रही अपनी दो बेटियों के साथ जा रही मां को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिसमे मां व दोनों बेटी घायल हो गई। जिसके बाद अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ परिजन ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कामता निवासी गोविंद राम ने पुलिस को बताया कि मेरी बेटी सुनीता उर्वशा अपनी दोनों लडकियों के साथ अपने स्कूटी सीजी 18 3754 से बालोद से ग्राम कामता आ रही थी, डडसेना पुलिया के पास पहुंची थी उसी समय दल्लीराजहरा से डौण्डी की ओर जा रही अज्ञात ट्रक के चालक द्वारा अपनी ट्रक को तेजगति, लापरवाहीपूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाते ले जाकर सुनीता उर्वशा के स्कूटी को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे सुनीता एवं ननतीन जिया और अदिति स्कूटी से गिर गए। जिससे तीनों को चोंटे आई थी तथा स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गया है, तीनो को चोंटे आने से राहगीरों के मदद से एम्बुलेंस से अस्पताल ले गये थे, ननतीन जिया को ज्यादा चोंटे आने से हायर उपचार हेतु अस्पताल से रिफर करने पर अस्पताल रायपुर मे भर्ती किये हैं।, जहां अभी भी उपचार जारी है।

## बैंक जाने की बात कहकर निकले महिला युवक ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बैंक जाने की बात कहकर घर से निकले महिला व युवक ने अपने गांव से 40 किलोमीटर दूर जाकर एक साथ फांसी पर झूल आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम गब्दी निवासी संतोशी बाई 40 वर्ष व थलेश खरांशु 25 वर्ष दोनों पड़ोसी थे। जहां 25 अप्रैल को दोनों अपने घर में बैंक जाने के नाम से निकले थे। जिसके बाद दोनों ही देर शाम तक घर नही पहुंचे, जिसके बाद परिजनों द्वारा आस पास क्षेत्र में दोनों की खोजबीन की गई, जिसमें दोनों का पता नही चला, जिसके बाद परिजनों द्वारा स्थानीय थाना में जाकर दोनों के गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा खोजबीन की जा रही थी। बताया जा रहा है कि दोनों आपस में मुंहबोले देवर–भाभी के रिश्ते में थे।

- 40 किमी दूर पेड़ पर लटके मिले शव

इसी दारौन 26 अप्रैल को सुबह बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झलमला के पास स्थित परसोदा खार में दोनों महिला व युवक का शव पेड़ में एक साथ फांसी पर झूलते हुए राहगिरो ने देखा, जिसके बाद राहगिरो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस ने उनके पास ▶▶ शेष पेज 10 पर

# कंपोजिट शराब दुकान में देशी मदिरा का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



नगर के कंपोजिट शराब दुकान में पिछले कई दिनों से देशी मदिरा उपलब्ध नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देशी शराब के नियमित उपभोक्ता दुकान पहुंचने के बाद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वे प्रतिदिन की तरह मदिरा खरीदने दुकान पहुंचते हैं, लेकिन वहां देशी मदिरा का स्टॉक न होने की जानकारी दी जाती है। इस स्थिति से उपभोक्ताओं में निराशा बढ़ रही है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कई लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार यही स्थिति बनी हुई है, लेकिन अब तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है।

जो लोग पहले केवल देशी मदिरा का सेवन करते थे, वे अब विकल्प के अभाव में विदेशी मदिरा खरीदने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कुछ लोगों ने यह भी आशंका जताई कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो अवैध शराब की बिक्री बढ़ सकती है, जो स्वास्थ्य के लिए और भी खतरनाक साबित हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द देशी मदिरा की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और अवैध गतिविधियों पर भी अंकुश लगाया जा सके।

# पत्नी के कथित प्रेम-प्रसंग से आहत पति ने की आत्महत्या, प्रेमी के घर के सामने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



पत्नी की जुदाई का गम नहीं सह पाया पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या। किलेपार के युवक परमानंद यादव पिता महेतरु यादव 40 वर्ष ने पत्नी के घर छोड़कर दुसरे युवक के घर जाने के बाद से आहत युवक ने आत्महत्या कर जान दे दी। सुत्रो ने बताया कि किलेपार के युवक परमानंद यादव की पत्नी कुछ दिन पहले अपने घर से भगाकर ग्राम चौरेल मे अपने शादी शुदा प्रेमी के घर जाकर रह रही थी जिससे मृतक परेशान था। मृतक अपनी पत्नी को समज्ञा बुझाकर लाने शनिवार को उनके प्रेमी के गांव चौरेल गया था। लेकिन उनकी पत्नी नही मानी और उनके प्रेमी के घर मे शनिवार रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मृतक की पत्नी व उनके प्रेमी फरार बताए जा रहे है। इधर घटना के बाद अर्जुन्दा पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंपकर जांच मे जुट गई है।

22 साल पहले हुई थी मृतक की शादी मृतक के दो लड़के है। एक का उम्र लगभग 21 साल और दुसरे लड़के का उम्र 16 साल है । मृतक की पत्नी का मायका मोहलई (चौरेल) है। जो चार साल पहले दोनो मे प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युवक चार ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे और पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध

# अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हुआ जिला अस्पताल बालोद, मरीजों के लिए बना भरोसे का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला अस्पताल बालोद आज अत्याधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवा का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। यहाँ की स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय निवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि पड़ोसी जिलों के लोगों के लिए भी भरोसे का प्रतीक बन गया है।



- नि :शुल्क डायलिसिस और एसएनसीयू में मिल रही बेहतर देखभाल

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके. श्रीमाली ने बताया कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तेजी से हुआ है। नियमित ओपीडी और आईपीडी में मरीजों की निरंतर जांच और भतएँ की सुविधा मिली है। पैथोलॉजी लैब, सीटी स्कैन और डिजिटल एक्सरे से अत्याधुनिक जांच की सुविधा लोगों को मिल रही है। इसके साथ ही विशेष रूप से निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा, विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में लोग नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल बालोद के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र में सामान्य प्रसव और जटिल सिजेरियन (सीजर) ऑपरेशन की चौबीसों घंटे की उपलब्धता जिलेवासियों को मिल रही है। सिविल सर्जन डॉ. श्रीमाली ने बताया कि वर्ष 2025–26 में जिला अस्पताल बालोद में 01 लाख 32 हजार 512 लोगों ने ओपीडी के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं को लाभ लिया है। जिसमें 11 हजार 225 मरीजों को आईपीडी के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं मिली है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल बालोद में आयुष्मान भारत योजना के तहत इस वर्ष 07 हजार 138 लोगों ने निःशुल्क इलाज करा कर लाभान्वित हुए हैं।आयुष्मान कार्ड की शक्ति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कांकेर जिले के पखांजूर जैसे दूरस्थ क्षेत्रें से भी लोग बालोद आ रहे हैं। पखांजूर से पहुँची निकीता बाला ने बताया कि उनके नवजात शिशु को गंभीर स्वास्थ्य समस्या थी, जिसके लिए उन्होंने बालोद जिला अस्पताल के एसएनसीयू पर भरोसा जताया।




निकिता बताती हैं कि यहाँ मेरे बच्चे को जो देखभाल मिली, उसने हमें आर्थिक और मानसिक, दोनों ही संकटों से बचा लिया। आयुष्मान कार्ड की बदौलत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज ने हमारे लिए एक अनमोल उपहार की तरह काम किया है। बालोद जिले की निवासी देववती ने बताया कि उन्होंने अपने पहले बच्चे के जन्म के समय निजी अस्पताल में भारी खर्च उठाया था। लेकिन इस बार, उन्होंने जिला अस्पताल बालोद को चुना,यहां उनका प्रसव पूरी तरह निःशुल्क और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बेटे ने मां से की मारपीट पुलिस ने दर्ज किया मामला

**बालोद।** मोबाईल देखने से मना करने पर बेटे ने मां के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित मां ने अपने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम राहूद थाना रनचिरई निवासी हेमवती साहू पति स्व. प्रीतम सिंह साहू 43 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरा बडा लडका निखिल साहू 22 वर्ष घर में ही रहता है, कोई काम नही करता है, दिन भर और रात भर अपने मोबाईल पर विडियो देखते रहता है, जिसे मैं मोबईल देखने से कई बार मना कर चुकी हूं, लेकिन मेरा लडका मोबाईल देखना नही छोडता है, सुबह मेरा लडका घर पर अपने रूम के अंदर मोबाईल देख रहा था। जिसे मैं मोबाईल देखने से मना की तो तुम हमेशा ही मुझे मोबाईल देखने से मना करती हो कहकर मुझे गाली गलौज दिया, मैं उसे गाली गलौज देने से मना की तो मेरे बेटेनिखिल साहू ने मुझे हाथ मुक्का व बांस के डण्डा से मुझे मारपीट किया है, और मुझे जान से मारने की धमकी दिया है, मारपीट करने से मेरे सिर में बांये तरफ माथे के पास, बांये कान और बांये हाथ की कलाई और हथेली के ऊपर में चोट लगी है, खून निकला है, दर्द हो रहा है, निखिल मुझे पहले भी गाली गलौज और मारपीट का चुका है।

**खबर संक्षेप**

## साइबर क्राइम से बचाव और शासकीय योजनाओं की दी जानकारी



**भिलाई।** लघु उद्योग भारती महिला इकाई, भिलाई द्वारा एमएसएमई प्रायोजित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन और उद्यमी महिला सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव और शासकीय योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कंप्यूटर प्रशिक्षण ले रही 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर स्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती की प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. दुबे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंघानिया, प्रदेश महिला प्रभारी गीता वर्मा, एमएसएमई के अतिरिक्त निदेशक योगेश कुमार, साइबर क्राइम दुर्ग संभाग के डॉ. संकल्प राय, बीडीएस कॉलेज की प्राचार्य जसप्रीत कौर सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## मलेरिया से बचाव मच्छरदानी के उपयोग और स्वच्छता जरूरी

**दुर्ग।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष के विशेष थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रेरित अब हम कर सकते है, अब हमें करना ही होगा के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यशाला आयोजित की और जन-जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से आम जन को मादा एनाफिलीस मच्छर से फैलने वाले मलेरिया रोग की उत्पत्ति, बचाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बच्चों और मलेरिया के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों जैसे प्रवासी और सीमावर्ती समुदायों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए। इसके तहत कूलर, गमले, टायर और जल भराव वाले क्षेत्रों में टेमिफास व मेलाथियान जैसी कीटनाशक दवाओं के छिड़काव से लार्वा विनिष्टीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जहां मादा एनाफिलीस से मलेरिया होता है, वहीं मादा क्यूलेक्स के काटने से हाथीपांव फाईलेरिया और मादा एडिस मच्छर से डेंगू जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं।

**निधन**

## परस राम कुल्हारे



**बालोद/कलंगपुर।** सेवा निवृत्त प्रधान पाठक ग्राम कलंगपुर निवासी परस राम कुल्हारे 74 वर्ष का निधन 25 अप्रैल दिन शनिवार को हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जहां स्वाजातिय बंधुओं संहित सैकड़ों ग्रामीण जन उनकी अंतिम शव यात्रा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे डॉ ललित एवं कुलदीप कुल्हारे के पिता थे।

### आयोजन : 99 गांवों के समाजजनों की रही व्यापक सहभागिता

# भरर में साहू समाज का दो दिनी कर्मा जयंती समारोह में सामूहिक विवाह व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर







साहू समाज द्वारा पाटन तहसील स्तरीय दो दिवसीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन भरर में 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित हुआ। प्रथम दिवस कलश यात्र महिला सम्मेलनऔर द्वितीय दिवस 13 जोड़ों का सामूहिक विवाह मे पहुंचे। समारोह में साहू समाज के 99 ग्रामों के समाजजन एकत्र हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि साहू समाज बड़ा और संगठित समाज है, साहू समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। भक्ति में शक्ति होती है तभी तो भक्त माता कर्मा की खिचड़ी खाने भगवान को आना पड़ा।

शिक्षा संस्कार को प्राथमिकता देते हुए साहू समाज ने मानव समाज के बीच भाई चारा को सर्वोच्च स्थान पर रखा है। समाज को दिशा देने में साहू समाज के सभी स्तर के पदाधिकारी महती भूमिका निभाते है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मोदी की गारंटी का कार्य पूर्ण करने में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है छत्तीसगढ़ कं विकास में बाधक नक्सलियों का सफाया करने में डबल इंजन सरकार ने सफलता पाई है। सीएम साय ने कहा कि सांसद विजय बघेल पहली बार मांग की लंबी सूची दिए है, घोषणा करना जल्दबाजी होगी। विदित हो कि इस मांग की कड़ी में जामगांव आर में शासकीय अस्पताल की ज्वलंत मांग प्राथमिकता के साथ सामने आया है जिसका नेतृत्व जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित आवेदन सीएम को सौंपी। सीएम ने कुछ गांवों के लिए सीसी रोड, और साहू समाज भवन पाटन भरर में शेड निर्माण के लिए घोषणा किए।

प्रथम दिवस महिला सम्मेलन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, रमशीला साहू थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला संयोजिका, प्रदेश साहू संघ दिव्या कलिहारी ने किया। अतिविशिष्ट अतिथियों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंद्रिका साहू, उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ दुर्ग मंजू साहू, महिला संयोजिका, जिला साहू संघ दुर्ग ललेश्वरी साह, सदस्य जनपद पंचायत पाटन दामिनी साहू एव सरपंच, ग्राम पंचायत भरर कौशल्या साहू मंचासिन रही। महिला सम्मेलन का संचालन उपाध्यक्ष परिक्षेत्र तेली गुंडरा आरती साहू ने किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने शिक्षा संस्कार सामंजस्य को विकास का आधार बताया। 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे मां कर्मा की महाआरती एवं वैवाहिक संस्कार प्रारंभ हुए। दोपहर 12 बजे प्रथम सत्र में मां कर्मा महोत्सव, दानवीर भामाशाह जयंती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ इस सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रहे, जबकि प्रमुख अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय रहे। अध्यक्षता, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष रायपुर डॉ. नीरेंद्र साहू रहे। अतिविशिष्ट अतिथियों में सांसद, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र विजय बघेल मंचासिन रहे। दीपक साहू, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छ.ग. शासन जितेन्द्र साहू, कल्पना नारद साहू, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, पाटन रामकुमार चन्द्राकर, भानुप्रिया साहू, त्रिवेणी साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष डूलेश्वर साहू, विमला साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र साहू, भुनेश्वरी साहू,महासचिव महेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष नारद साहू,कल्पना साहू सहित परिक्षेत्र के अध्यक्षगण सहित परिक्षेत्र के अध्यक्ष गण गायत्री साहू,पारखत साहू, टेसराम साहू, रामनरायण साहू, किशन हिरवानी इकाई अध्यक्ष भरर परमानंद साहू भानुप्रिया साहू, कृष्णकुमार साहू, छन्नूलाल साहू एवं समस्त कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा है। भरर सरपंच कौशल्या साहू के नेतृत्व में बिंदेश्वरी साहू, सरस्वती साहू, माहेश्वरी साहू, लता साहू, सुमन साहू, दुर्गा साहू, कल्याणी साहू, इंद्राणी साहू, भामा साहू, थानवरिन साहू, ममता, मानसी, गीतांजलि, वैभव, लोकेश्वरी, मोनिका, कशिश, देविका, तुलेश्वरी साहू ने पूर्ण मनोयोग के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाए।

## रसमड़ा में धूमधाम से मनाया लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रसमड़ा में लघु उद्योग भारती, दुर्ग इकाई का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य पर्यावरण अधिकारी एवं वैज्ञानिक अनीता सावंत उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में लघु उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़कर सतत विकास की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती दुर्ग इकाई के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि एल. यू. बी. का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के प्रत्येक उद्यमी को नीति, तकनीक और बाजार से जोड़कर 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करना है। कार्यक्रम का संचालन सचिव ओम प्रकाश रजक ने कुशलतापूर्वक किया। वरिष्ठ सदस्य सी.पी. कुशवाहा ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। आभार प्रदर्शन प्रांतीय कोषाध्यक्ष अनिल बाकलीवाल द्वारा किया गया।

### उद्योगपतियों की रही विशेष उपस्थिति

समारोह में रसमड़ा, उरला, जोरा-तराई औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रमुख रूप से श्री प्रिंट के संचालक संजय मिश्रा, प्रकाश पैनल के ओम प्रकाश रजक, माइक्रोटेक इंजीनियरिंग के रमेश कुमार जांगड़ा, वरिष्ठ सदस्य सी.पी. कुशवाहा, मथारू क्रेन के विक्की माथारू, बेगानी फूड्स के प्रीतेश बेगानी, फ्लाई ऐश कंपनी के युवराज तिवारी, नट-बोल्ट कंपनी के एस.के. केशकर एवं हर्ष चंदोरकर विशिष्ट रूप से शामिल हुए। मुख्य अतिथि अनीता सावंत ने लघु उद्योग भारती के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एम. एस. एम. ई. सेक्टर ही प्रदेश की रीढ़ है और पर्यावरण-अनुकूल तकनीक अपनाकर उद्योग जगत नई ऊंचाइयां छू सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उद्यमियों ने संगठन को और मजबूत बनाने तथा स्थानीय उद्योगों की समस्याओं को सामूहिक रूप से शासन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## नशे के दुष्परिणाम से युवाओं को कराया जा रहा अवगत

**भिलाई।** नशे के कारण बिखरते परिवारों और बढ़ती आर्थिक तंगी को रोकने के लिए कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र और साहू समाज ने हाथ मिलाते हुए युवाओं को नशे के प्रति सचेत करने का बीड़ा उठाया है। संस्था के निदेशक अजय कल्याणी सामाजिक आयोजनों में शामिल होकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करा रहे हैं। इस अभियान की सफलता में साहू समाज की अग्रणी भूमिका रही है। विशेषकर जिला साहू समाज के जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण साहू के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के भुवन साहू के प्रयासों से समाज के बड़े वर्ग को इस मुहिम से जोड़ा गया है। साहू समाज के विभिन्न मंचों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंच रहा है।

## महिला आरक्षण पर भाजपा राजनीति कर रही है : योगिता चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस ने साधा भाजपा पर निशाना



दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और पूर्व जिला सदस्य योगिता चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि सितंबर 2023 नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित होकर कानून तो बन गया पर प्रभावी नहीं हुआ, राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन चुका है। लेकिन इसमें दो बड़ी शर्तें जोड़ी गई।

जब देश में अगली जनगणना पूरी हो जाएगी, परिसीमन जनगणना के आंकड़ों के आधार पर जब सीटों का नए सिरे से निर्धारण होगा तब महिलाओं को 33% सीटे मिलेगी।हाल ही में प्रस्तुत किया गया महिला आरक्षण बिल वास्तव में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का प्रयास नहीं बल्कि देश के राजनीतिक नक्शे को प्रभावित करने और संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का एक सुयोजित षड्यंत्र है। योगिता ने कहा कि महिलाओं को न्याय और समान भागीदारी दिलाने के नाम पर भारतीय जनता पार्टी राजनीति कर रही है। जो दुर्भाग्य जनक है सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इस बिल के पीछे उसकी वास्तविक मंशा क्या है। यदि सरकार सच में महिलाओं के अधिकार को लेकर गंभीर है तो उसे दिखावे की राजनीति छोड़कर ठोस कदम उठाने होंगे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी राजनीतिक लाभ लेने का काम कर रही है जो लोकतंत्र के लिए चिंता है जनक है। योगिता ने कहा कि भाजपा की सरकार महिलाओं के नाम पर भ्रम फैलाने के बजाय पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ काम करें। इस बिल में ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण न होना भी एक चिंताजनक विषय है जो पिछड़ा वर्ग के महिलाओं के लिए अन्याय है। परिसीमन प्रक्रिया जटिल है उसमें कई साल लग सकते हैं। अतः अभी वर्तमान में जो जो स्थिति हैं। उसी में आगामी चुनाव में महिलाओं को 33% आरक्षण दे और भाजपा महिला आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाना बंद करे।

## ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी संपन्न



- आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, विकासखंड डौंडीलोहारा द्वारा गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में रविवार को ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी में 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले "गौ सम्मान आवाहन अभियान" में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपील की गई।

साथ ही बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 1, 2 एवं 3 मई को "गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान" चलाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान के तहत ब्लॉक के 500 घरों में यज्ञ कराने का लक्ष्य रखा गया, ताकि घर-घर गायत्री मंत्र एवं यज्ञ की महिमा का प्रसार हो सके। इसके अतिरिक्त 4 से 8 मई तक गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में प्रस्तावित पांच दिवसीय आवासीय युवा शिविर की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सभी परिजनों ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु तन, मन एवं धन से सहयोग देने का संकल्प लिया। गोष्ठी के दौरान गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र, मार्गदर्शक एवं शांतिकुंज प्रतिनिधि स्व. कृष्ण कुमार विनोद को सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू, मिलन सिन्हा, कैलाश साहू, विरेंद्र कुमार बघेल, तुलसी साहू, रेखा साहू, शोभना देशमुख, झमुना साहू, सावित्री कंवर, गिरिवर कोलियारे, कैलाश बारले, केजूराम ईस्दा, प्रेमसिंह कोलियारे, चुम्मन भंडारी, विदेशी चौहान, तेजेश्वरी कंवर, अनुराधा चौहान एवं उर्मिला साहू सहित सभी कार्यकर्ताओं व परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

**गहराता जलसंकट**

## गिरता भू-जलस्तर बना खतरे की घंटी बेमौसम धान खेती पर उठे सवाल

**लाटाबोड़।** जिले में हर साल जलसंकट गंभीर होता जा रहा है और गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले रही है। लगातार गिरता भू-जलस्तर अब चिंता का बड़ा विषय बन चुका है, लेकिन जागरूकता अभियानों के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। लोग अब भी पानी के महत्व को समझने में लापरवाही बरत रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की बर्बादी और खेती के गलत तरीकों को संकट का मुख्य कारण माना जा रहा है। खासतौर पर गर्मी के मौसम में धान की खेती को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि धान की फसल को अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है और खेत में लगातार पानी भरे रखना पड़ता है। ऐसे में बोरवेल से दिनभर पानी निकालने के कारण भू-जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है, जिसका सीधा असर गांवों के पेयजल स्त्रोतों पर पड़ रहा है। ग्राम प्रमुखों ने चेतावनी दी है कि यदि अभी से स्थिति नहीं सुधारी गई तो आने वाले समय में पीने के पानी के लिए भी लोगों को संघर्ष करना पड़ेगा। कई गांवों में जहां गर्मी के मौसम में धान की सिंचाई की जा रही है, वहां अभी से जलसंकट के हालात बनने लगे हैं।

विशेषज्ञों और कृषि विभाग द्वारा किसानों को साग-सब्जी, दलहन, मक्का जैसी कम पानी वाली फसलें लेने की सलाह दी जाती है, साथ ही बीज वितरण और प्रोत्साहन योजनाएं भी संचालित हैं। इसके बावजूद कुछ किसान अधिक लाभ के लालच में बेमौसम धान की खेती कर रहे हैं। यदि पानी के दुरुपयोग और बेमौसम फसल उत्पादन पर रोक नहीं लगी, तो भविष्य में जल स्त्रोतों के सूखने का खतरा बढ़ सकता है। प्रशासन और किसानों दोनों को मिलकर जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी सुरक्षित रह सके।

## अंडा निकुम मंडल के शक्ति केंद्र अलबरस में सुनी 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



अंडा निकुम मंडल के शक्ति केंद्र अलबरस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में पवन एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा आने वाली डिजिटल जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विकास कार्यों में जनभागीदारी, नवाचार और स्थानीय प्रयासों की सराहना करते हुए देशवासियों से इसमें सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फत्तेलाल वर्मा (अध्यक्ष, वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति उतई) उपस्थित रहे। साथ ही उतई मंडल महामंत्री प्रवीण यदु, अशोक हरमुख, ओमप्रकाश यादव, राजू, बलदेव देशमुख, टीकाराम देशमुख, झाड़ू राम निषाद, गजानंद यादव, भीखम देशमुख, माधव देशमुख, परागा बाई यादव, जानकी बाई यादव, राहुल, देव कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को अपने-अपने क्षेत्र में लागू करने और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रेलवे ने किया दीपक का सम्मान

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल एवं ऑल इंडिया एस.सी.एस.टी. इलेक्ट्रिक लोको शेड (ईएलएस) चरोदा शाखा ने विगत दिनों बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती का आयोजन किया। इस दौरान ईएलएस चरोदा में पदस्थ रेलवे कर्मी दीपक कुमार को रक्तदान के माध्यम से मानवता की सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि दीपक कुमार न सिर्फ रक्तदान करते हैं बल्कि दूसरे लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सुरडोंगर स्कूल में सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई, सम्मान समारोह में झलकी आत्मीयता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में विदाई सह ससम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बिसेलाल नारंग एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका भानुमती पाल को उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम संकुल प्राचार्य बी.के. बहुरूपी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें संकुल के सभी शिक्षकगण विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान सुरडोंगर एवं मरदेल संकुल के उन शिक्षकों का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने गत वर्ष पदोन्नति प्राप्त की या स्थानांतरण के बाद अन्य स्थानों पर पदस्थ हुए। समारोह के दौरान ललिता यादव, चैन सिंह साहू, सिद्धी साहू, मणिशंकर तिवारी, किमलता यादव, रुपेश रावटे, राजेश कुमार प्रजापति, नारायण मरकाम, दिनेश साहू, कमल किशोर चुरेंद्र, चिंताराम लोन्हारे, सुरेश कुमार थावरे, गिरधारी राम आंचला, सोमन लाल टेकाम, सुरेश थावरे, हरिशंकर नरेटी, मोना रावत, वर्षा डेहरे एवं विजय प्रकाश दामले सहित अनेक शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों नितिन यादव, वंदना कांबले एवं संजय बंजारे द्वारा गीत एवं कविता पाठ प्रस्तुत किया गया, वहीं विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। उपस्थित शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त शिक्षकों के कार्यकाल, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए सराहना की। इस अवसर पर बिसेलाल नारंग एवं भानुमती पाल को अभिनंदन पत्र, साल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

संकुल प्राचार्य बी.के. बहुरूपी ने दोनों शिक्षकों के कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत और समर्पण की प्रशंसा करते हुए उनके सफल शिक्षकीय जीवन के लिए बधाई दी तथा जीवन की दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन रामकुमार प्रजापति एवं संजय बंजारे ने किया। आयोजन को भव्य और सफल बनाने में सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411